

# दिन के बाद अब गर्म रात ने भी बढ़ाई बेचैनी

## रात का तापमान बढ़कर 31 .2 डिग्री पर पहुंचा



**नवभारत न्यूज**

**सतना,28 अप्रैल. सोमवार को दिन का अधिकतम तापामन 44.4 डिग्री दर्ज होने के बाद रात के न्यतनतम तापमान में भी रिकार्डतोड़ बढ़ोत्तरी देखने को मिली. रात का तापमान 31.2 डिग्र तक पहुंच जाने के कारण लोगों की बेचैनी कई गुना अधिक बढ़ गई. वहीं दिन के समय 48 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से गर्म हवाएं झुलसाती रहीं.**

मौसम कार्यालय से प्राप्त जानकारी के अनुसार मंगलवार को शहर में दिन का अधिकतम तापमान 42.8 ड्रिी सेल्सियस दर्ज हुआ. इस लिहाज से भले ही अधिकतम तापमान में पिछले 24 घंटे में 1.6 डिग्री सेल्सियस की कमी देखने को मिली. लेकिन इसके बावजूद भी यह सामान्य की तुलना में 1.7 डिग्री सेल्सियस अधिक पाया गया. लेकिन वहीं दूसरी ओर रात के न्यूनतम तापमान में जबरदस्त इजाफा देखने को मिला. सोमवार-मंगलवार की दरमियानी रात न्यूनतम तापमान 31.2 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ. यह न्यूनतम तापमान में एक ओर जहां पिछले 24 घंटे में 3.2 डिग्री का इजाफा देखने को मिला. वहीं दूसरी ओर यह सामान्य की तुलना में अप्रत्याशित तौर पर 5.9 डिग्री सेल्सियस अधिक पाया गया. इसी कड़ी में हवा में नमी की मात्रा भी बढ़कर 32 से लेकर 21 फीसदी के बीच बनी रही. जिसका नतीजा यह हुआ कि चिलचिलाती धूप में जबरदस्त और गर्मी ने लोगों को हलाकान करने में कोई कसर नहीं छोड़ी. दोपहर बाद हवा की गति में भी खासी बढ़ोत्तरी देखने को मिली.

### इस्ट्रैक में कार्यरत पूर्व छात्र ने बढ़ाया हौसला

मंगलवार को शहर में अधिकतम 48 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से गर्म हवाएं चलीं . जिसका नतीजा यह हुआ कि रात भर भीषण गर्मी से दो चार होने के बाद दिन के समय लोगों को गर्म हवाओं थपेड़े झेलने को मजबूर होना पड़ा . मौसम विभाग के अनुसार मौसम का यह क्रम फिलहाल आगे भी जारी रहने की संभावना है . गर्मी के चलते अचानक तापमान बढ़ जाने पर स्थानीय प्रभावों की वजह से कुछ स्थानों पर गरज चमक के साथ मामूली बूंदाबांदी की घटना सामने आ सकती है .

# एलपीजी के अभाव में उपभोक्ता फिर सड़क पर उतरे

## गैस एजेंसी के सामने सड़क पर विरोध प्रदर्शन कर लगाया जाम



**नवभारत न्यूज**

**सतना,28 अप्रैल. केंद्र व राज्य सरकार सहित पट्रोलियम मंत्रालय द्वारा भले ही एलपीजी सिलेंडरों की सुचारु आपूर्ति का दावा किया जा रहा हो. लेकिन वास्तविकता यह है कि कुछ गैस एजेंसियों की मनमानी कार्यशैली पर किसी तरह का अंकुश लगता नजर नहीं आ रहा है. नतीजतन सिलेंडर नहीं मिलने से आक्रोशित उपभोक्ताओं को बार बार सड़क पर उतरकर प्रदर्शन करने के लिए मजबूर होना पड़ रहा है.**

मैहर जिले के अमरपाटन क्षेत्र में स्थित मानसी गैस एजेंसी के सामने मंगलवार को एक बार फिर से हालात हाथ से निकलते नजर आए. पिछले कई दिनों से बार बार एजेंसी का चक्कर लगाकर हार चुके उपभोक्ताओं का धैर्य मंगलवार को उस समय जवाब दे गया जब एक बार फिर उनके हाथ मायूसी लगी. आक्रोशित उपभोक्ताओं ने गैस एजेंसी के सामने से होकर गुजरने वाले राज्यमार्ग पर जाम लगा दिया और विरोध प्रदर्शन करने लगे. इस घटना के चलते सड़क के दोनों ओर वाहनों की लंबी कतारें लगनीं शुरु हो गईं. यहां तक कि मार्ग पर लगे जाम की वजह से दमकल और शव भी फंस गए. मामले की गंभीरता को देखते हुए थाना प्रभारी विजय सिंह परस्ते पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंच गए और लोगों को समझाइस देनी शुरु की. काफी देर तक कड़ी मशक्कत करने के बाद थाना प्रभारी ने एक ओर जहां आमजन को बारी बारी से सिलेंडर मिलने का आश्वासन दिलाया. वहीं दूसरी ओर गैस एजेंसी के कर्मचारियों को किसी भी तरह की गड़बड़ी नहीं करने की चेतावनी दी. यह देख लोगों का गुस्सा कुछ कम हुआ और वे मार्ग से हटने को राजी हो गए. जिसके बाद पुलिस की मौजूदगी में सिलेंडर वितरण प्रक्रिया शुरु की गई. गौरतलब है कि पिछले दिनों भी आक्रोशित उपभोक्ताओं द्वारा इसी गैस एजेंसी के सामने जाम लगाया गया था. मौके पर पहुंची एसडीएम द्वारा की गई प्रारंभिक जांच में खामी पाए जाने पर कलेक्टर मैहर द्वारा एजेंसी संचालक के विरुद्ध कारण बताओ नोटिस भी जारी किया गया था. लेकिन इसके बावजूद भी एजेंसी की कार्यशैली में कोई सुधर होता नजर नहीं आया.

### लैपटॉप-डेस्कटॉप पर किया कब्जा

पिछले कई दिनों से एलपीजी सिलेंडर मिलेन की आस में गैस एजेंसी का चक्कर लगाता आ रहा एक युवक मंगलवार को आक्रोशित हो गया . युवक का कहना था कि एजेंसी में रखे कंप्यूटर सिस्टम के आंकड़ों में हेर-फेर कर एजेंसी के संचालक और कर्मचारी सिलेंडरों की कालाबाजारी कर रहे हैं . जबकि उसका खामियाजा आम उपभोक्ताओं को झेलना पड़ रहा है . इसी कड़ी में आक्रोशित युवक ने एजेंसी में रखा डेस्कटॉप और लैपटॉप को अपने कब्जे में ले लिया और वहां से निकल गया . जिसके चलते सिलेंडर वितरण प्रक्रिया रुक गई . बाद में कुछ लोगों की समझाइस पर युवक का आक्रोश कम हुआ . जिसके चलते उसने डेस्कटॉप और लैपटॉप लौटा दिया .

# भैयाजी जोशी का सतना प्रवास आज

**नवभारत न्यूज**

**सतना, 28 अप्रैल. राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के अखिल भारतीय कार्यकारी मंडल सदस्य और पूर्व सरकार्यवाह सुरेश जोशी भैयाजी आज अपने दो दिवसीय प्रवास पर सतना आ रहे हैं।**

संघ के शताब्दी वर्ष के उपलक्ष्य में आयोजित विशेष कार्यक्रमों की श्रृंखला में वे आज शाम सरस्वती विद्यापीठ, उतैली में प्रमुख जन गोष्ठी शिक्षा समूह को मुख्य वक्ता के रूप में संबोधित करेंगे। जिसमे जिले के शिक्षक /प्राध्यापक/ महाविद्यालय विद्यालय संस्था प्रमुख मुख्यरूप से उपस्थित रहेंगे



विभाग प्रचार प्रमुख डॉ. आशीष तिवारी ने बताया कि प्रवास के दूसरे दिन, 30 अप्रैल को भैयाजी चित्रकूट के महात्मा गांधी ग्रामोदय विश्वविद्यालय में आयोजित गोष्ठी में शामिल होंगे।

# फ्लाईओवर पर हुए सड़क हादसे में युवक की मौत

## अज्ञात वाहन द्वारा बाइक को टक्कर मारने से हुई दुर्घटना



**नवभारत न्यूज**

**सतना, 28 अप्रैल. कोलगवां थाना क्षेत्र अंतर्गत फ्लाईओवर पर मंगलवार शाम एक सड़क हादसे में बाइक सवार युवक की मौत हो गई। उसे एक तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी थी।**

प्राप्त जानकारी के अनुसार, युवक अपनी बाइक से फ्लाईओवर से गुजर रहा था, तभी अज्ञात वाहन ने उसे जोरदार टक्कर मारी। टक्कर इतनी भीषण थी कि युवक सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया। मौके पर मौजूद लोगों ने तुरंत उसे जिला अस्पताल पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। घटना के बाद रीवा रोड पर कुछ समय के लिए जाम की स्थिति भी बन गई थी। सूचना मिलते ही कोलगवां थाना पुलिस मौके पर पहुंची और घटनास्थल का मुआयना कर जांच शुरू की। पुलिस को मृतक के पास से करीब 10 हजार रुपए नकद बरामद हुए हैं।

### सीसीटीवी खंगाल रही पुलिस

प्रारंभिक जानकारी के मुताबिक, युवक यह रकम किसी व्यक्ति को देने जा रहा था। हादसे के बाद मृतक के मोबाइल फोन पर एक कॉल आया, जिसके बाद पुलिस ने उसकी पहचान देवेंद्रनगर, जिला पन्ना निवासी प्रकाश बागरी के रूप में की। पुलिस अब फ्लाईओवर के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज खंगाल रही है ताकि अज्ञात वाहन की पहचान की जा सके। पुलिस ने मामला दर्ज कर वाहन चालक की तलाश तेज कर दी है। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है और परिजनों को सूचना दे दी गई है।

### मुख्य सचिव आज करेंगे समीक्षा

**सतना 28 अप्रैल** मुख्य सचिव अनुराग जैन 29 अप्रैल को प्रात: 11 बजे से भोपाल से वीडियो कान्फ्रेंसिंग के माध्यम से जिलों की समीक्षा करेंगे। बैठक में कानून व्यवस्था, सुशासन, राजस्व, स्वास्थ्य, पंचायत एवं ग्रामीण विकास, जनजातीय कार्य, शिक्षा, खाद्य, सहकारिता, महिला एवं बाल विकास विभाग, किसान कल्याण तथा कृषि विकास विभाग सहित अन्य विभागों के कार्यों की समीक्षा करेंगे।

# सेमरिया चौराहा में सरेराह ऑटो चालक को मारा चाकू

**नवभारत न्यूज**

**सतना 28 अप्रैल. शहर के सेमरिया चौक क्षेत्र में मंगलवार की दोपहर उस वक्त सनसनी फैल गई जब एक आटो चालक को चाकू मार दिया गया. पुलिस द्वारा इइस मामले में कार्रवाई करते हुए आरोपी ठेला चालक को गिरफ्तार कर लिया.**



प्राप्त जानकारी के अनुसार हनुमान नगर नई बस्ती निवासी और पेशे से आटो चालक धीरेंद्र सूर्यवंशी पिता जगत देव उम्र 27 वर्ष मंगलवार को अपनी पत्नी को लेकर आटो से नई बस्ती की ओर जा रहा था. धीरेंद्र के अनुसार सेमरिया चौक के निकट पहुंचने पर सड़क पर एक ठेले वाला सामने आ गया. रास्ते से हटने के लिए कहते ही ठेला चालक ने आटो चालक की पत्नी से अभद्रता शुरु कर दी. यह देख आटो चालक धीरेंद्र से भी उसकी कहासुनी शुरु हो गई. इसी दौरान गुस्से में आकर अचानक ठेना चालक ने धीरेंद्र पर चाकू से हमला कर दिया. घायल आटो चालक को फौरन ही उपचार के लिए अस्पताल लाया गया. जहां पर उपचार के बाद उसकी हालत खतरे से बाहर बताई गई. वहीं कोलगवां थाना पुलिस ने कार्रवाई करते हुए चाकू मारने वाले आरोपी ठेला चालक अंकित साहू को गिरफ्तार कर लिया.

# शटर तोड़कर 80 बोरा गेहूं चोरों ने पार किया

**नवभारत न्यूज**

**सतना. 28 अप्रैल. रामपुर बधेलान क्षेत्र के ग्राम गणेश में 80 बोरी अनाज की चोरी हो गई। चोरी की शिकायत रामपुर बघेलान थाने में दर्ज कराई गई है।**

पुलिस ने शिकायत दर्ज कर जांच पड़ताल शुरू कर दी है।* सज्जनपुर निवासी किसान पूर्व उपसरपंच प्रमोद शुक्ला ने बताया कि ग्राम गणेश अपने निजी मकान में 80 बोरी गेहूं रखा था। बीती रात अज्ञात चोरों ने शटर तोड़ कर 80 बोरी अनाज पर कर दिया। जब मैं सज्जनपुर से 26 अप्रैल को गणेश पहुंचा तो सड़क से देखा कि कमरे में



लगा शटर का ताला टूटा पड़ा है। आधा शटर खुला था जब पास जाकर देखा तो 80 बोरी अनाज गायब था। मेरे होश उड़ गए इतनी बड़ी चोरी कैसे हो सकती है। जिसकी तत्काल सूचना पुलिस को दी गई । चोरी की घटना सुनते ही आसपास के लोग इकट्ठा हो गए। आसपास के लोग कहने लगे कि इतनी बड़ी चोरी कैसे हो गई। जबकि पुलिस गस्त करती रहती है । 112 नंबर फिर भी चोरी हो गई। इस बात को लेकर किसानों में आक्रोश व्याप्त है। पूर्व उपसरपंच प्रमोद शुक्ला ने पुलिस व प्रशासन से मांग की है कि मामले की तहकीकात कर जल्दी खुलासा किया जाए।

### कुपोषण मामले में 2 पर्यवेक्षकों की वेतन वृद्धि रुकी

**सतना 28 अप्रैल.** जिले के मझगवां में बच्चों के पोषण प्रबंधन में कर्तव्य के प्रति लापरवाही बरतने पर कलेक्टर डॉ. सतीश कुमार एस ने दो आंगनबाड़ी पर्यवेक्षकों के खिलाफ दो वेतन वृद्धि असंचयी प्रभाव से रोकने की कार्यवाही की है। इनमें तीन सदस्यीय जिला स्तरीय गठित जांच समिति के प्रतिवेदन अनुसार पर्यवेक्षक सुश्री दीपक विश्वकर्मा और श्रीमती करूणा पाण्डेय को कारण बताओ नोटिस जारी कर विभिन्न बिन्दुओं पर जवाब मांगा गया था। बाल विकास परियोजना चित्रकूट-1 की संविदा पर्यवेक्षक श्रीमती करूणा पाण्डेय और सुश्री दीपक विश्वकर्मा द्वारा प्रस्तुत जवाब और स्पष्टीकरण को समाधानकारक नहीं पाये जाने पर इनके विरूद्ध कार्यवाही करते हुए दो वेतन वृद्धि असंचयी प्रभाव से रोकने के आदेश जारी किये गये है। आदेश तत्काल प्रभाव से लागू हो गया है।

# खेत से लेकर खलिहान तक फसलों के साथ जली घर गृहस्थी

## आगजनी से तबाही,अधिकारियों के साथ आज प्रभावित गांवों का दौरा करेंगे सांसद

**नवभारत न्यूज**

**सतना, 28 अप्रैल. जिले के ग्रामीण अंचलों में बीते दिनों हुई आगजनी की घटनाओं ने किसानों की मेहनत पर पानी फेर दिया। अलग-अलग गांवों में लगी भीषण आग से जहां खेतों में खड़ी गेहूं की फसल जलकर खाक हो गई, वहीं कई स्थानों पर खलिहानों में रखी उपज भी राख में तब्दील हो गई।**

कुछ गांवों में आग ने घरों तक को अपनी चपेट में ले लिया, जिससे ग्रामीणों को दोहरी मार झेलनी पड़ी है। सतना लोकसभा क्षेत्र में किसान कुछ ऐसे भी हैं जिनके पास न फसल बची न रहने को घर बचा है तो गृहस्थी भी जलकर राख हो गई। जानकारी के अनुसार, कोटर तहसील क्षेत्र के रजरवार और रामपुर क्षेत्र के लामीकरही बरदहा गांवों में आगजनी की बड़ी घटनाएं सामने आईं। यहां खेतों से लेकर रिहायशी इलाकों तक आग फैल गई, जिससे फसल के साथ-साथ घर-गृहस्थी का सामान भी जल गया। किसानों का कहना है कि उनकी सालभर की मेहनत कुछ ही घंटों में राख हो गई।



आगजनी की इन घटनाओं के बाद प्रभावित क्षेत्रों का जायजा लेने के लिए सतना लोकसभा क्षेत्र के सांसद गणेश सिंह बुधवार को दौरे पर रहेंगे। वे कोटर, कलवलिया, अबेर, रजरवार सहित अन्य प्रभावित गांवों में पहुंचकर किसानों से सीधे मुलाकात करेंगे। दौरे के दौरान सांसद नुकसान कों लेकर सीधे पीड़ितों से चर्चा करेंगे और मौके का निरीक्षण करेंगे पीड़ित किसानों की समस्याएं सुनेंगे। उनके साथ राजस्व विभाग सहित अन्य संबंधित विभागों के अधिकारी और मैदानी अमला भी मौजूद रहेगा। प्रशासनिक टीम मौके पर सर्वे कर नुकसान की विस्तृत रिपोर्ट तैयार करेगी, जिसके आधार पर राहत और मुआवजा प्रक्रिया आगे बढ़ाई जाएगी।

### नि :शुल्क नेत्र शिविर में 85 मरीजों की हुई जांच

**सतना, 28 अप्रैल.** अग्रवाल समाज एवं श्री सद्गुरु सेवा संघ चित्रकूट द्वारा नि:शुल्क नेत्र शिविर 28 अप्रैल मंगलवार को समाजसेवी घनश्याम दास गोयल के संयोजन एवं मार्गदर्शन में सफलता पूर्वक संपन्न हुआ। नि:शुल्क नेत्र शिविर का शुभारंभ प्रात: 9:00 बजे महाराजा अग्रसेन जी एवं पूज्य संत स्वामी रणछोड़दास दास जी के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलन एवं माल्यार्पण कर किया गया। पुरुषोत्तम अग्रवाल ने बताया कि आयोजित नेत्र शिविर में 85 मरीजों की नेत्र जांच कर मोतियाबिंद से पीडति मरीजों को संस्था वाहन से श्री सद्गुरु नेत्र चिकित्सालय जानकी कुंड चित्रकूट में नि:शुल्क ऑपरेशन एवं लैंस प्रत्यारोपण हेतु भर्ती कराया गया।

# महाविद्यालय में प्रवेश प्रक्रिया 1 मई से प्रारंभ

**नवभारत न्यूज**

**सतना 28 अप्रैल. उच्च शिक्षा विभाग अंतर्गत प्रदेश के समस्त शासकीय, अशासकीय महाविद्यालयों एवं एनसीटीई पाठ्यक्रम संचालित करने वाले महाविद्यालयों में शैक्षणिक सत्र 2026-27 के लिए प्रवेश प्रक्रिया 1 मई से 30 जून 2026 तक संचालित की जाएगी।**

विद्यार्थियों के लिए प्रवेश प्रक्रिया को सरल एवं पारदर्शी बनाने के लिए इस वर्ष भी इसे तीन चरणों में आयोजित किया जाएगा, इसमें दो केंद्रीकृत चरण एवं एक (कॉलेज लेवल काउंसलिंग) चरण सम्मिलित रहेगा। विद्यार्थी मोबाइल ऐप एवं ऑनलाइन प्रवेश पोर्टल के माध्यम से घर बैठे पंजीयन कर सकेंगे। विशेष बात यह है कि इस सत्र से विद्यार्थी आज से ही ई-प्रवेश ऐप के माध्यम से पंजीयन प्रारंभ कर सकते हैं, जबकि विकल्प चयन 1 मई से प्रारंभ होगा। विद्यार्थियों के लिए प्रवेश को अधिक सुलभ बनाने के लिए, पंजीयन शुल्क एनसीटीई एवं परंपरागत पाठ्यक्रमों के लिए 100 रूपये निर्धारित किया गया है। पिछले वर्ष की भांति इस वर्ष भी पोर्टल शुल्क पूर्णत: समाप्त रहेगा। प्रथम चरण में छात्राओं से कोई शुल्क नहीं लिया जाएगा। द्वितीय चरण से सभी विद्यार्थियों के लिए पंजीयन शुल्क 150 रूपये निर्धारित किया गया है। साथ ही ऐसे विद्यार्थी जो स्वयं पंजीयन नहीं कर पा रहे हैं, उनके लिए प्रदेश के समस्त महाविद्यालयों में सहायता केंद्र स्थापित किए गए हैं, जहाँ नि:शुल्क पंजीयन सुविधा उपलब्ध रहेगी। विद्यार्थियों की सहायता के लिए विभाग द्वारा 24म7 हेल्पलाइन, टोल-फ्री नंबर एवं हेल्पडेस्क भी स्थापित किए गए हैं। उच्च शिक्षा विभाग का उद्देश्य है कि प्रदेश के प्रत्येक विद्यार्थी को सुगम, पारदर्शी एवं गुणवत्तापूर्ण उच्च शिक्षा उपलब्ध हो सके।इसी तारतम्य में राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 के अनुरूप, इस वर्ष एक महत्वपूर्ण नवाचार किया गया है।



# नीट परीक्षा को लेकर हुई बैठक

## कलेक्टर ने दिए आवश्यक दिशा निर्देश

**नवभारत न्यूज**

**सतना ,28 अप्रैल. आगामी 3 मई को सतना शहर के 7 परीक्षा केन्द्रों में नीट की परीक्षा का आयोजन किया जायेगा।**

मंगलवार को कलेक्ट्रेट सतना के सभाकक्ष में आयोजित बैठक में कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट सतना डॉ. सतीश कुमार एस ने परीक्षा केन्द्रों में सभी आवश्यक व्यवस्थायें व सुविधाएं दुरूस्त रखने के निर्देश दिये। कलेक्टर ने केन्द्राध्यक्षों को परीक्षा केन्द्र में पीने के पानी, कमरों में पंखों तथा जनरेटर सेट की अनिवार्यत: उपलब्धता के निर्देश दिये। इस मौके पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शिवेश सिंह बघेल, डिप्टी कलेक्टर सुभाष मिश्रा, डिप्टी कमिश्नर नगर निगम सत्यम मिश्रा, डीएसपी यातायात संजय खरे सहित परीक्षा केन्द्रों के केन्द्राध्यक्ष तथा संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

बैठक में कलेक्टर ने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि प्रत्येक परीक्षा केंद्र पर पुलिस विभाग की ओर से एएसआई रैंक के नोडल अधिकारी की तैनाती अनिवार्य रूप से करें। उन्होंने गोपनीय परीक्षा सामग्री के सुरक्षित परिवहन को सुनिश्चित करने के लिए बैंक से परीक्षा केंद्र तक प्रात: 9.45 से प्रात: 11.30 बजे के बीच तथा परीक्षा समाप्ति के बाद शाम 6 बजे से रात्रि 8 बजे तक पुलिस पेट्रोलिंग करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने गोपनीय सामग्री के कलेक्शन सेंटर केंद्रीय विद्यालय क्रमांक 1 सतना से मुख्य डाकघर सतना तक परिवहन के दौरान भी सुरक्षा व्यवस्था कड़ी रखने को कहा।

### एक नजर में



#### कायस्थ समाज ने खोला धवारी चौराहे में प्याऊ

**सतना ।** कायस्थ समाज ने गर्मी में लोगों को पीने का पानी सहजता से उपलब्ध कराने के लिए धवारी चौराहे में नि :शुल्क प्याऊँ का शुभारम्भ किया। समाज के अध्यक्ष दीपक निगम ने बताया कि भीषण गर्मी में पेयजल की समस्या से इस मार्ग से गुजरने वाले राहगीरों को आसानी से बताशा एवं गुड के साथ शीतल जल मिल सकेगा। इस दौरान समाजसेवी बब्लू मौर्य , शिवा नन्द पांडे,एवं समाज के वरिष्ठ पदाधिकारी विष्णु प्रकाश श्रीवास्तव, संतोष श्रीवास्तव, सतीश निगम, जीतेन्द्र श्रीवास्तव, सुधीर निगम डॉ0डी0के0 निगम, सुभाष श्रीवास्तव, प्रदीप श्रीवास्तव, पिंकी निगम, अनिरूद्ध श्रीवास्तव, पवन खरे, अनिल श्रीवास्तव मौजूद रहे।

#### पति-पत्नी ने मरणोपरांत लिया देहदान का संकल्प

**सतना ।** मंगलवार 28 अप्रैल को प्रात: संत मोतीराम आश्रम में एक हृदय को छू लेने वाली प्रेरणादायक पल में एक दंपति सिन्धी कॉलोनी निवासी हीरालाल कोटवानी एवं प्रीति कोटवानी ने मरणोपरांत देहदान का संकल्प लेकर समाज के सामने सेवा और मानवता की एक मिसाल प्रस्तुत की इस नेक निर्णय के माध्यम से उन्होंने यह भी संदेश दिया कि जीवन के बाद भी मानव शरीर किसी के उपयोगी बन सकता है और कई लोगों के जीवन को बेहतर दिशा दे सकता है। महंत स्वामी खिम्यादास जी ने इस निर्णय की सराहना करते हुए कहा ऐसे संकल्प समाज में जागरूकता फैलाने का कार्य करते हैं यदि अधिक से अधिक लोग इस दिशा में आगे आए है तो निश्चित रूप से चिकित्सा क्षेत्र को नई ऊर्जा मिल सकती है।



# अयप्पा मंदिर की रजत जयंती पर निकली शोभायात्रा

## केरलम के कलाकारों ने दिखाया पारंपरिक नृत्य, 18 सीढ़ी परंपरा से हुई पूजा



**नवभारत न्यूज**

**सतना, 28 अप्रैल. बांधवगढ़ कॉलोनी स्थित अय्यप्पा मंदिर की 25वीं वर्षगांठ पर केरल समाज के लोगों ने मंगलवार शाम शहर में भव्य शोभायात्रा निकाली। इस अवसर पर केरल से आए कलाकारों ने पारंपरिक नृत्य प्रस्तुत किए।**

कृष्णानगर स्थित निरंकारी भवन से शुरू हुई यह शोभायात्रा सेमरिया चौक, सिंधी कैंप और दयालदास चौक होते हुए बांधवगढ़ कॉलोनी के अय्यप्पा मंदिर पर समाप्त हुई। शोभायात्रा में समाज की महिलाएं पारंपरिक पोशाक में शामिल हुईं, और इसका सर्व समाज के लोगों ने स्वागत किया। सबरीमाला परंपरा के अनुसार पूजा की मंदिर में सबरीमाला शैली में विशेष %पड़ी पूजा% का आयोजन किया गया। अय्यप्पा सेवा समिति के सचिव के एल शिवन पिल्लै ने बताया कि भगवान अय्यप्पा की 18 सीढ़ियों पर सबरीमाला परंपरा के अनुसार पूजा की जाती है, जिसे भक्तों की तपस्या और समर्पण का प्रतीक माना जाता है।

### पवित्र कलश से अभिषेक

रजत जयंती के अवसर पर दो दिवसीय कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। बुधवार को सामूहिक महागणपति होमम उत्सव मनाया जाएगा। इस दौरान भगवान अय्यप्पा का घी, चंदन और केरल से लाए गए 25 पवित्र कलशों द्वारा अभिषेक किया जाएगा। इसी दिन चित्रकला, रंगोली प्रतियोगिता और भजन संध्या का भी आयोजन होगा।